to Lok Sabha Unstarred Question No. 8688 answered on 20-4-1982.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

(d) There is no such proposal at present.

नवादा जिले के लिए डाक-तार सेवा

9819. श्री कुंवर राम : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नवादा जिले में, इसकी जन-संख्या और क्षेत्र के अनुसार, पर्याप्त डाक-तार सेवाएं प्रदान की गई हैं ; और

(ख) यदि नहीं, तो वर्ष 1982-83 के दौरान वहां ये सेवाएं प्रदान करने हेतु क्या व्यवस्था की जा रही है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री विजय एन० पाटील) : (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

भूटान में पन-बिजली घर की क्षमता

9820. श्री कुंवर राम : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत और भूटान संयुक्त रूप से भूटान में पन-बिजली घर की स्थापना कर रहे हैं ;

(ख) इसकी कितनी क्षमता का उपयोग 1985 तक होने लगेगा ; और

(ग) उत्पादन में भारत का हिस्सा कितना है और उन राज्यों के नाम क्या हैं जिन्हें बिजली दी जायेगी ?

ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विक्रम महाजन) : (क) और (ख) भूटान में भारत और भूटान द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित की जा रही चूखा जल-विद्युत परियोजना में 84-84 मेगावाट की प्रतिष्ठापित क्षमता की 4 यूनिटों वाले एक बिजली घर की परिकल्पना की गई है । वर्तमान सूचना के अनुसार, पहला यूनिट दिसम्बर, 1984 तक चालू किए जाने का कार्यक्रम है तथा चारों यूनिटें अक्तूबर, 1985 तक चालू किए जाने का कार्यक्रम है। चालू करने के कार्यक्रम को समय से पूर्व सम्पन्न करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं ।

(ग) भारत और भूटान के बीच हुए समझौते के अनुसार चूखा जल-विद्युत परियोजना जो बिजली भूटान की आवश्यकता से अधिक होगी वह भारत सरकार को बेची जाएगी । भारत को सप्लाई की जाने वाली बिजली भारत के पूर्वी तथा उत्तर-पूर्वी विद्युत क्षेत्रों में उपयोग में लाई जाएगी ।

बिहार में झरिया शहर को खाली किया जाना

9821. श्री राम विलास पासवान : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार का बिहार में झरिया शहर को खाली कराने का विचार है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि यह समाचार सुनकर वहां के रहने वाले लोगों में भारी अशांति हो रही है ; और

(ग) क्या इस संबंध में पूर्ण तथ्य सभा पटल पर रखे जाएंगे ?